(iii) Seats have been increased by 1500 in the School of Correspondence Courses in the existing B.A. (Pass) and B. Com. (Pass) courses

(iv) Seats have been increased by 500 in the Non-Collegiate Women's Education Board.

(v) The School of Correspondence Courses and Continuing Education has been permitted to register students for the B.Com. (Honours) courses from this year.

(d) No college has started new evening classes this year so far.

**बिहार में बाढ़ नियंत्रण के लिये योजना की स्वीकृति**

5663. **श्री वीरेन्द्र प्रसाद** : क्या कृषि और सिंचाई मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने बाढ़ नियन्त्रण के लिए कोई योजना केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति के लिए भेजी थी; और

(ख) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री ( श्री सुरजीत सिंह बरनाला)**: (क) और (ख). बिहार की राज्य सरकार ने केन्द सरकार को निम्न-लिखित बाढ़ नियन्त्रण और जल-निकास स्कीमें अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की हैं :—

| क्रम संख्या | स्कीम का ब्यौरा | अनुमानित लागत (लाख रुपये) |
|---|---|---|
| 1. | **पटना बाढ़ सुरक्षा कार्य** : | |
| | (क) गंगा नदी के दाए किनारे पर दीघा से मनेर तक तटबन्ध-एवं-चिनाई दीवार का निर्माण . . . . | 555.08 |
| | (ख) सोन नदी के दाएं किनारे पर मनेर से सैदाबाद तक तटबन्ध का निर्माण . . . . | 564.47 |
| | (ग) दीघा से बंसघाट तक मौजूदा डावल दीवार का ऊंचा उठाना और नई डावल दीवार का निर्माण . . . | 26.48 |
| | (घ) गंगा नदी द्वारा होने वाले कटाव को रोकने के लिए असुरक्षित स्थानों पर नदी नियन्त्रण सम्बन्धी निर्माण-कार्य . . | 75.00 |
| | (ङ) पटना नहर से एस्केप चैनल का निर्माण . . . | 55.70 |
| | (च) पटना नहर पर लाक गेट को बन्द करना और पटना नहर तथा गंगा नदी के संगम पर द्वार की व्यवस्था . . | 29.90 |
| | (छ) पटना नहर तटबन्ध को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना . | 45.86 |
| | (ज) मनेर वितरणी को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना . | 18.60 |
| | (झ) दानापुर वितरणी को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना और टेल-रीच में नए तटबन्ध का निर्माण . . . | 71.53 |

| क्रम संख्या | स्कीम का ब्योरा | अनुमानित लागत (लाख रुपये) |
|---|---|---|
| | (ञ) नगर जल-निकास स्कीम . . . . | 410.00 |
| | (ट) गंगा नदी के साथ-साथ नदी नियन्त्रण कार्य जिनमें दुजरा, गोलघर और गुलजार बाग के निकट नए डावल का निर्माण शामिल है . | 241.00 |
| | (ठ) ग्रामीण जल-निकास स्कीमें . . . | 486.15 |
| | (ड) पुनपुन नदी के बाए तटबन्ध को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना और नए तटबन्ध का निर्माण . . . . | 577.83 |
| 2. | सोन नदी के दोनों किनारों पर तटबन्ध बनाने की संशोधित स्कीम . | 277.13 |
| 3. | मोकामेह ताल जल-निकास स्कीम . . . . | 287.33 |
| 4. | गंगा नदी के दाएं किनारे पर खुटाहा सुरक्षा स्कीम | 66.79 |
| 5. | गंगा नदी के दाएं किनारे पर डुमरी छपरा तटबन्ध स्कीम . | 199.00 |
| 6. | गंगा नदी पर छपरा सोनपुर तटबन्ध . . . | 747.17 |
| 7. | गंगा नदी पर हाजीपुर-बाजीपुर तटबन्ध स्कीम . . . | 1077.35 |
| 8. | गंगा के दाएं किनारे पर नारायणपुर सुरक्षा स्कीम . . | 162.00 |
| 9. | गंगा के बाएं किनारे पर नारायणपुर-कुरसेला तटबन्ध स्कीम . | 220.01 |
| 10. | कोसी के दाएं किनारे पर बदलाघाट-नगरपारा तटबन्ध स्कीम . . | 244.63 |
| 11. | कोसी के दाए किनारे पर त्रिमोहनी-कुरसेला तटबन्ध स्कीम . . | 161.80 |
| 12. | कोसी नदी के बाएं किनारे पर और ब्रांडी नदी के दोनों किनारों पर जौनिया-कुरसेला और ब्रांडी बाढ़ नियन्त्रण स्कीम . . . . . | 110.76 |
| 13. | दोनों किनारों पर पेरमान बाढ़ सुरक्षा स्कीम . . . | 1859.30 |
| 14. | गंडक के दाएं किनारे पर बिहार के क्षेत्र में छितौनी से बंसीनाला तक तटबंध | 347.00 |
| 15. | पिपरासी में ठोकरों का पुनर्निर्माण और पिपरासी-पिपराघाट तटबन्ध को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना . . . . | 91.86 |
| 16. | गंडक के दाएं किनारे पर मौजूदा सारण तटबन्ध को ऊंचा उठाना और मजबूत बनाना . . . . . . | 72.43 |
| 17. | कोयलवार की सुरक्षा के लिए रिंग बंध . . . . | 73.98 |
| 18. | बागमती के दोनों किनारों पर तटबन्ध के निर्माण के संशोधित अनुमान . | 3620.00 |
| 19. | सिकराहना तटबन्ध (बाएं) के संशोधित अनुमान . . . | 997.00 |

| क्रम संख्या | स्कीम का ब्योरा | अनुमानित लागत (लाख रुपये) |
| --- | --- | --- |
| 20. | सिकराहना तटबन्ध (बाएं) के संशोधित अनुमान . . . | 294.00 |
| 21. | बिहार में बाढ़ नियन्त्रण की वृहद् योजना, लेकिन अभी इस पर बिहार राज्य तकनीकी सलाहकार बोर्ड द्वारा विचार किया जाना है और सिफारिश की जानी है . . . . . . . | 48156.00 |

उपर्युक्त स्कीमों पर विभिन्न चरणों में जांच और कार्रवाई की जा रही है। इस बीच, इनमें से सत्रह स्कीमें सुधार और संशोधनों की टिप्पणियों सहित राज्य सरकार को वापस भेजी जा चुकी हैं।

**"स्टाम्प पेपर" सप्लाई के लिए निविदा**

5664. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा :**
**डा० बी० एन० सिंह :**

क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आपूर्ति विभाग ने गवर्नमेंट प्रेस, नासिक (बम्बई) के लिए 1 करोड़ 75 लाख रुपये मूल्य का 'स्टाम्प पेपर' सप्लाई करने हेतु निविदायें आमंत्रित की थीं;

(ख) क्या मैसर्स पेपर मिल्स, टीटागढ़ (कलकत्ता) की निविदा जिसने निविदा राशि 1 करोड़ 75 लाख दी थी, स्वीकार की गई जबकि मैसर्स आदर्श एजेंसीज, नासिक (बम्बई) ने उसके लिए निविदा राशि 1 करोड़ 35 लाख दी थी; और

(ग) क्या सरकार का विचार राजकोष को इस 40 लाख रुपये की राशि के घाटे के लिए उत्तरदायी भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का है ?

**निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री ( श्री सिकन्दर बख्त ) :** (क) जी, हां। पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय ने भारत सिक्यूरिटी प्रेस, नासिक, महाराष्ट्र को सप्लाई करने के लिए लगभग एक करोड़ और बहत्तर लाख रुपये की लागत के (1) अधिक खुरदरा जलस्तरांक (कम मूल्य) स्टाम्प कागज—1350 मि० टन और (2) अधिक खुरदरा जलस्तरांक छपा हुआ स्टाम्प कागज (प्रतिकृति स्टाम्प कागज)—212 मि० टन के लिए टेंडर आमन्त्रित किये थे।

(ख) मैसर्स टीटागढ़ पेपर मिल्स, कलकत्ता और मैसर्स आदर्श ऐंजसिज नासिक द्वारा उद्धृत किये गये मूल्य नीचे दिये गये है :—

| क्रम संख्या | प्रति मि० टन उद्धृत दर | |
| --- | --- | --- |
| | मैसर्स टीटागढ़ पेपर मिल्स, कलकत्ता | मैसर्स आदर्श एजेन्सिज, नासिक |
| (1) | 11,000/- रुपये | (क) पूरी मात्रा के लिए, 8600/- रुपये<br>(ख) 600 से 1000 मि० टन के लिए 9,000 रुपये |
| (2) | 11,000/- रुपये | (ग) 300 से 600 मि० टन के लिए 9,500 रु०<br>दर उद्धृत नहीं किए गए। |